एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

ंत चतुर्दशी विक्रम संवत 2083

रविवार, 12 जुलाई 2026,

PAGE NO.- 06 : BOTTOM

# देहदान का संकल्प लेने वालों का सम्मान

बरेली, अमृत विचार : 'देह से दिव्यता तक' कार्यक्रम में देहदान का संकल्प लेने वाले 11 महादानियों को शनिवार को एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति ने सम्मानित किया।

एनाटॉमी विभाग की ओर से आयोजित क्लिनिकल एम्ब्रियोलॉजीः टेक्स्ट बुक से टेस्ट ट्यूब तक नाम से सीएमई के मुख्य वक्ता एनाटॉमिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के जनरल के एडिटर इन चीफ एवं केएमसी मंगलूर के विजिटिंग प्रोफेसर डा.विश्राम सिंह ने जन्मजात विकृतियों में बढ़ोतरी और भ्रूण विज्ञान से उपचार पर व्याख्यान दिया। एसजीपीजीआई लखनऊ के मेडिकल जेनेटिक्स विभाग के प्रमुख प्रोफेसर डा.कौशिक मंडल, लेजिस्लेटिव काउंसिल लखनऊ की सदस्य एवं पहराइज की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डा.प्रज्ञा त्रिपाठी ,ग्वालियर स्थित वर्मा हास्पिटल एवं फर्टिलिटी सेंटर की डायरेक्टर डा.अंजु लता वर्मा ने भी व्याख्यान दिया। प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा.एमएस बुटोला, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति, ट्रस्ट सलाहकार सुभाष मेहरा, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा.आरपी सिंह, वाइस प्रिंसिपल डा.रोहित शर्मा व अन्य मौजूद रहे।




डॉ .विश्राम सिंह को सम्मानित करते देव मूर्ति। ● अमृत विचार

● सीएमई क्लिनिकल एम्ब्रियोलॉजी : टेक्स्ट बुक से टेस्ट ट्यूब तक में विशेषज्ञों का व्याख्यान

## देहदान का संकल्प लेने वालों में 5 बहनें

देहदान का संकल्प लेने वालों में बसंत विहार कालोनी निवासी पांच बहनें अंजना शर्मा, कल्पना शर्मा , रंजना शर्मा, कंचना शर्मा, अल्पना शर्मा के अलावा कंजादासपुर की निर्मल भसीन , अलीगंज के आनंद प्रकाश गुप्ता,उनकी पत्नी सुधा रानी, इंद्रानगर के अवनेश चंद्र सक्सेना, नेकपुर गल्ला मंडी निवासी सुभाष चंद्र शर्मा, किच्छा निवासी पूनम चड्ढा और आशुतोष सिटी निवासी नीलिमा पाठक हैं।